बेतवांचल

नवभारत
भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल, 2026



# एक महीने बाद चेता संयुक्त किसान मोर्चा, दी आंदोलन की चेतावनी

**खास बातें**
- किसानों के साथ अन्याय करो बंद
- सड़कों पर जलेगा आंदोलन का अलाव




नवभारत न्यूज

**विदिशा 24 अप्रैल, एक तरफ किसान स्लाट बुक नहीं होने चना खरीदी और भुगतान प्रक्रिया से परेशान हो रहे हैं वही किसानों की समस्या पर अब राजनीति भी गर्माने लगी है.**

पूर्व विधायक शशांक भार्गव जो कि अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं नें किसनों की समस्या पर सोशल मीडिया पर आहवान कर, किसानों को एकत्रित कर गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.पूर्व विधायक नें मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कहा था कि हमने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था जिसको केंद्रीय कृषि मंत्री ने संज्ञान लेते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों की बैठक ली थी केंद्रीय मंत्री ने कहा था हम किसानों का एक-एक दाना खरीदेंगे डबल इंजन की सरकार में राज्य सरकार का इंजन छुक छुक नहीं बोल रहा है कहते हुए शिवराज की तारीफ की थी.

इसके बाद शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने पत्रकार वार्ता में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे मोहन सरकार की छवि खराब करने के लिए किसानों के साथ षड्यंत्र कर रहे हैं.

किसान सरकार और प्रशासन को कोसता रहे और शिवराज सिंह चौहान खुद की छवि साफ बनी रहे. पहले तो उपार्जन प्रक्रिया को जटिल और अव्यवहारिक बनाया गया फिर अपने ही कार्यकर्ताओं जिसमें एक विधायक एवं पूर्व विधायक शामिल है से अपनी तारीफ और मोहन सरकार की बुराई करा कर किसानों को भ्रमित कर रहे है. जिससे अब यह किसानों का मामला नहीं बल्कि राजनीतिक मामला नजर आ रहा है.प्रेस वार्ता में मकोडिया बांध संघर्ष समिति के आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों के साथ सुनियोजित साजिश की जा रहा है. मोर्चा ने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया को जानबूझकर इतना उलझा दिया गया है कि किसान सिस्टम के जाल में फंसकर टूटने को मजबूर हो जाए.

### मकोड़िया बांध संघर्ष समिति के आनंद प्रताप सिंह ने दागे सीधे सवाल

जब चुनाव में किसानों के वोट चाहिए थे, तब हम 'अन्नदाता' थे, आज हम ही व्यवस्था के शिकार क्यों हैं? क्या किसानों की उम्मीदों का यही इनाम है? मोर्चा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वे किसानों की लड़ाई लड़ने के बजाय अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने में जुटे हैं. किसानों की समस्याओं पर उनकी चुप्पी, उनकी नीयत पर सवाल खड़े करती है.मोर्चा ने साफ चेतावनी दी कि अगर जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो किसान सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे. यह आंदोलन सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ निर्णायक जंग होगा—और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी.मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय नेतृत्व के बीच कथित वर्चस्व की लड़ाई पर निशाना साधते हुए मोर्चा ने कहा कि इस सियासी टकराव की कीमत प्रदेश का किसान चुका रहा है.प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष लाखन सिंह मीणा, किसान सक्रिय संगठन जिलाध्यक्ष बाबूलाल लोधी, राष्ट्रीय किसान संघ अध्यक्ष तुलसीराम, मकोड़िया बांध संघर्ष समिति के सुंदर सिंह दांगी सहित कई किसान नेता मौजूद रहे.सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी और उनका कहना था कि किसानों की समस्यायें नहीं सुलझी तो अब सीधा संघर्ष होगा.

# खुशियों पर काल का साया कुरवाई में भीषण सड़क हादसा



**दो भाइयों की बारात में मचा कोहराम**

**पैराखेड़ी के पास ट्राले ने कार को रौंदा**

नवभारत न्यूज

**कुरवाई 24 अप्रैल,** देवास से बीना के भीम वार्ड जा रही एक बारात के लिए शुक्रवार का दिन काली यादें छोड़कर गया. ग्राम पैराखेड़ी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्राले ने बारातियों की कार को ऐसी भीषण टक्कर मारी कि खुशियों का शोर पल भर में चीख-पुकार में बदल गया.इस हृदयविदारक दुर्घटना में इंदौर निवासी दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवास निवासी संदीप सूर्य और राजा चिकवाले (मामा-बुआ के लड़के) का विवाह बीना के भीम वार्ड निवासी अशोक अहिरवार की दो बेटियों के साथ होना तय था. बारात का काफिला पूरे उत्साह के साथ बीना की ओर बढ़ रहा था, लेकिन मंजिल तक पहुँचने से पहले ही मौत ने रास्ता रोक लिया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और घायल कार के बीच ही फंस गए.जैसे ही बारात के काफिले में साथ चल रही अन्य गाड़ियों से महिलाएं और बच्चे अस्पताल पहुँचे, वहां का नजारा देख हर किसी की रूह कांप गई. अपनों को खून से लथपथ और मृत अवस्था में देख परिजनों के करुण विलाप से पूरा अस्पताल परिसर दहल उठा.इंदौर निवासी अमित आमकरे (पिता रघुवीर आमकरे) और महिम दरबार को अस्पताल में ड्यूटी पर पदस्थ डॉक्टर ने म्रत घोषित कर दिया और गंभीर घायल अशोक भिंडिया और प्रतीष भेडिया (दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है. कार में सवार देवराज नामक युवक सुरक्षित है.एक ओर जहाँ राहगीर आकाश तिवारी देवदूत बनकर सामने आए और अपने निजी वाहन से घायलों को अस्पताल पहुँचाया, वहीं डायल 112 के आरक्षक महेंद्र लोधी, ओवैस खान और नेतराम अहिरवार ने मलबे में फंसे लोगों को कुशलता से बाहर निकाला. दूसरी ओर, टोल कंपनी टीसीआईएल की भारी लापरवाही उजागर हुई.परिजनों का आरोप है कि आपातकाल के समय एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे घायल तड़पते रहे. प्रशासन ने मामले की जाँच शुरू कर दी है और ट्राले को अंबानगर चौकी पर पुलिस ने जब्त कर लिया गया है.

### अस्पताल में प्रशासनिक जमावड़ा और डॉक्टरों की मुस्तैदी

हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया. एसडीएम मनीष कुमार जैन, एसडीओपी रोशनी ठाकुर और नायब तहसीलदार देव दीप सिंह तत्काल अस्पताल पहुँचे और व्यवस्थाओं की कमान संभाली. वहीं, महलुआ चौकी प्रभारी शैलेंद्र नायक भी पुलिस बल के साथ अस्पताल में डटे रहे. घायलों की जान बचाने के लिए डॉ. दिलीप नागर और डॉ. कुलदीप ठाकुर की टीम ने मोर्चा संभाला और त्वरित उपचार शुरू किया.

## एसजीएस खेल मैदान में बोर का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** शहर के एजीएस कॉलेज खेल मैदान में शुक्रवार को विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने बोरवेल का भूमिपूजन किया. इससे खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या के समाधान की शुरुआत हो गई है. बोरिंग के बाद मैदान में हैंडपंप लगाया जाएगा, जिससे अभ्यास के दौरान पानी की सुविधा उपलब्ध होगी.इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, प्राचार्य नरेंद्र ठाकुर सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे. विधायक ने बताया कि करीब 89 लाख रुपये की लागत से मैदान को सुविधायुक्त स्पोर्ट्स ग्राउंड के रूप में विकसित किया जाएगा.परियोजना के तहत बाउंड्री वॉल, दर्शकों के लिए स्टैंड, खिलाड़ियों के लिए वॉश एरिया और बालिकाओं के लिए चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं विकसित होंगी. साथ ही हाईमास्ट लाइट और प्रवेश द्वार भी बनाए जाएंगे.खिलाड़ियों ने खुशी जताते हुए कहा कि अब पानी की समस्या खत्म होगी और अभ्यास बेहतर ढंग से हो सकेगा.



## नटेरन जनपद में 4 साल से बैठक नहीं, समिति सदस्य ने दिया इस्तीफा

**सहकारिता एवं उद्योग समिति की निष्क्रियता पर उठे सवाल**

नवभारत न्यूज

**नटेरन. जनपद पंचायत नटेरन में सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. पिछले चार वर्षों से एक भी बैठक न होने से नाराज सदस्य चक्रेश शर्मा ने प्रभारी सीईओ को इस्तीफा सौंप दिया है.**

चक्रेश शर्मा ने बताया कि समिति का गठन विकास कार्यों और सहकारिता से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए हुआ था, लेकिन लगातार उपेक्षा के कारण यह पूरी तरह निष्क्रिय बनी रही. उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारियों ने बैठकों को लेकर कोई पहल नहीं की, जिससे कई जनहित के मुद्दे लंबित हैं.इस्तीफे में उन्होंने स्पष्ट किया कि जब समिति का उद्देश्य ही पूरा नहीं हो रहा, तो पद पर बने रहने का औचित्य नहीं है. इस कदम से जनपद में हलचल बढ़ गई है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं.अन्य सदस्यों में भी असंतोष देखा जा रहा है. उनका कहना है कि नियमित बैठकें न होने से योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित होगा. अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है.

## नरवाई जलाने पर कृषकों पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** तहसील सिरोंज में कलेक्टर विदिशा के आदेश के तहत नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लागू किया गया है. जिसके अनुक्रम में सिरोंज के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो में प्रशासन द्वारा ग्राम चौपालों का आयोजन कर कृषकों को जागरूक किया गया. जिसमें नरवाई ना जलाने के फायदे एवं नरवाई जलाने पर होने वाले नुकसान के बारे में समझाया गया. तहसीलदार ने बताया कि इसके उपरांत भी सिरोंज के कुछ कृषकों के द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो में नरवाई जलाने की घटनाएं परिलक्षित हुई है. सेटेलाईट से प्राप्त सूचना एवं मौके पर पटवारी व कृषि विभाग की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर सिरोंज तहसील में 12 कृषको के विरूद्ध सुसंगत धाराओ में एफआईआर दर्ज कराई गई है. और तहसील सिरोंज में न्यायालय में 93 प्रकरण में 128 कृषकों के विरूद्ध प्रकरण पंजीवद्ध कर कुल 1 लाख 34 हजार 500 का जुर्माना किया गया है. उन्होंने बताया कि कृषको को बार बार चौपालो एवं मुनादी के माध्यम से पराली ना जलाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है.

# डाक नीलामी आधा घंटे देरी से शुरू कर व्यापारियों ने जताया विरोध



- मंडी की अव्यवस्थाओं को लेकर व्यापारियों में नाराजगी
- व्यापारियों ने की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 24 अप्रैल, सिरोंज कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं से नाराज मंडी व्यापारियों ने शुक्रवार को मंडी में चना, मसूर की डाक नीलामी करीब आधा घंटा देरी से शुरू कर सांकेतिक विरोध जताया. इस मौके पर उन्होंने मंडी की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए उनमें तत्काल सुधार किये जाने की मांग की. साथ ही तीन दिवस में व्यवस्थाओं में सुधार ना होने पर डाक नीलामी अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की बात कही.**

थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि पुरानी मंडी स्थित तौल कांटा बंद होने पर बीती रात बेगमबाग स्थित तौल कांटे पर जाम के हालात बन गये. बेगमबाग स्थित तौल कांटे पर किसानों ने चारों ओर से ट्रैक्टर ट्राली लगाकर कांटा पर जाम के हालात बना दिये. जिससे किसानों और व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ा. स्थानीय प्रशासन का सहयोग ना मिलने से करीब ढाई घंटे कांटा बंद रहा. उन्होंने बताया कि पूर्व से ही जानकारी होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई प्रयास नहीं किये गये. उन्होंने बताया कि बाद में एसडीएम को इसकी सूचना देने पर वह रात में ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. तथा व्यवस्थाओं को संभाला. इसके बाद काफी मशक्कत के बाद व्यवस्था बहाल हो सकी एवं तौल कांटे पर उपज की तौल हो सकी. उन्होंने बताया कि मंडी की अव्यवस्थाओं को लेकर मंडी व्यापारियों ने शुक्रवार को मंडी में चना, मसूर की डाक नीलामी करीब आधा घंटा देरी से शुरू कर सांकेतिक विरोध जताया है. उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा तीन दिवस में व्यवस्थाओं में सुधार नही होने के स्थिति में डाक नीलामी अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी जावेगी. इस मौके पर मंडी व्यापारियों ने तौल कांटे पर ट्रॉलियों को व्यवस्थित लगाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी अनिवार्य करने की मांग की.

### मंडी व्यापारियों ने बताईं समस्याएं

इस मौके पर थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के तत्वाधान में मंडी व्यापारियों ने शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी के नाम मंडी सचिव को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उन्होंने कहा कि मंडी डाक नीलामी में पर्याप्त कर्मचारी ना होने से डाक नीलामी बार-बार बाधित हो रही है. डाक की पर्ची भी व्यापारियों को समय से नहीं मिल पा रही है. जिससे व्यापारियों और किसानों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है. वही उन्होंने तौल कांटे पर ट्रॉलियों को व्यवस्थित लगाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी अनिवार्य करने की मांग की. इस दौरान थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव, राजेश मित्तल, कमलेश जैन, राजेश जैन, प्रियंक जैन, मनीष जैन, गगन तारण, प्रेमचंद जैन, लोकेश जैन, पप्पू साहू आदि मौजूद रहे.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा का हमला, विपक्ष पर लगाए आरोप

नवभारत न्यूज

**विदिशा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है.भाजपा की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि यह विधेयक देश की आधी आबादी यानी महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के कारण इसे कमजोर करने का काम किया.**



उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है. राजो मालवीय ने कहा कि कांग्रेस और अन्य दलों ने हमेशा महिलाओं को उनका उचित अधिकार देने में बाधा उत्पन्न की है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है. इससे देश की आधी आबादी को संसद और विधानसभा में उचित प्रतिनिधित्व मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा.भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए. उन्होंने दावा किया कि इस मुद्दे को लेकर देशभर की महिलाओं में आक्रोश है और वे विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज उठा रही हैं. भाजपा ने स्पष्ट किया कि वह महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगी.

## महिला कांग्रेस का बीजेपी कार्यालय घेराव आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** नारी बंदन अधिनियम 2023 के तहत 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जिला महिला कांग्रेस आज बीजेपी कार्यालय का घेराव करेगी. यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष प्रियंका किरार के नेतृत्व में आयोजित होगा.शाम 4.30 बजे माधवगंज चौराहा से रैली शुरू होकर बीजेपी कार्यालय पहुंचेगी, जहां शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा. यह आंदोलन प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित है. महिला कांग्रेस ने सभी कार्यकर्ताओं, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई व अन्य संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है.

# 9 सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन सौंपा, अनिश्चितकालीन प्रदर्शन

**किसानों की मांगों को लेकर आप का धरना शुरू**

नवभारत न्यूज

**विदिशा. आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने किसानों की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. इसके बाद कार्यकर्ताओं और किसानों ने नई मंडी गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया.ज्ञापन में प्रमुख रूप से मंडियों में उपज की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर न करने, भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने तथा सहकारी समितियों द्वारा फसल खरीद की समय सीमा 31 मई तक बढ़ाने की मांग शामिल है. इसके साथ ही डिफाल्टर**



**किसानों का संपूर्ण ब्याज माफ करने की मांग भी उठाई गई.**

किसानों ने फसल सैंपल पास होने के बाद उसे अमान्य न करने, किसान क्रेडिट कार्ड में केवल ब्याज जमा कर नवीनीकरण की सुविधा देने और सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग रखी. इसके अलावा वेयरहाउस रसीद पर 75 प्रतिशत तक ऋण उपलब्ध कराने तथा एमएसपी से कम दाम पर बिक्री होने पर राज्य सरकार द्वारा भावांतर देने की मांग भी की गई.धरने में जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा, भगवत सिंह राजपूत, लोकेंद्र राणा, मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश पाठक, प्रमोद शर्मा, कपिल शर्मा, शुभम धाकड़, अर्जुन सिंह मीणा सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे.

**साधारण सभा** विदिशा व्यापार महासंघ की साधारण सभा सम्पन्न, व्यापारियों के हित में लिए गए अहम निर्णय

# डायलिसिस सेंटर सहयोग, बीमा स्टॉल, उद्योग मेला और ट्रैफिक सुधार पर बनी सहमति

नवभारत न्यूज

**विदिशा. विदिशा व्यापार महासंघ की साधारण सभा नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोनी ने किया. इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश बाधवाणी, उपाध्यक्ष आशीष महेश्वरी, वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जैन, संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे.**

महासंघ की पहली साधारण सभा में व्यापारियों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. डायलिसिस सेंटर को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सभी डायरेक्टरों ने 1000 रुपये सहयोग देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया. वहीं महासंघ भवन के जीर्णोद्धार के लिए भी व्यापारियों ने सहयोग का भरोसा जताया. व्यापारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीमा जागरूकता के लिए एक सार्वजनिक स्टॉल लगाने का निर्णय लिया गया, जहां विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि बीमा संबंधी जानकारी देंगे. इसके अलावा शहर में पार्किंग, सुलभ कॉम्प्लेक्स और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया गया.बैठक में बाजार क्षेत्र में जाम और अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन के साथ समन्वय कर कार्रवाई करने पर सहमति बनी. साथ ही जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के सहयोग से एक बड़े उद्योग मेले के आयोजन की भी योजना बनाई गई, जिससे युवाओं और व्यापारियों को लाभ मिलेगा.माधवगंज से बड़े बाजार तक वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने के प्रस्ताव पर भी सकारात्मक चर्चा हुई. महासंघ ने व्यापारियों से सुझाव आमंत्रित करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया.




### डायलिसिस सेंटर के लिए सहयोग

बैठक में डायलिसिस सेंटर को और व्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा अधिक से अधिक मरीजों को लाभ पहुंचाने के लिए सभी डायरेक्टरों ने स्वेच्छा से 1000 रुपये सहयोग देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया.महासंघ भवन के जीर्णोद्धार हेतु सभी व्यापारियों ने सहयोग देने की सहमति जताई.दुकानों में चोरी, आगजनी जैसी घटनाओं से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष ने महासंघ के माध्यम से एक सार्वजनिक बीमा स्टॉल लगाने का प्रस्ताव रखा.

### जाम और अतिक्रमण पर कार्रवाई

बाजार क्षेत्र में जाम और अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन के साथ संयुक्त भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.महासंघ द्वारा शीघ्र ही जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के सहयोग से एक विशाल उद्योग मेले का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं को उद्योग स्थापित करने के अवसर मिल सकें.

विदिशा मेन रोड माधवगंज से बड़े बाजार और बजरिया तक वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने पर भी चर्चा हुई, जिस पर शीघ्र अमल करने की सहमति बनी.इसके अलावा व्यापारियों के हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई.

## सिरोंज में जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिरोंज.** तहसील क्षेत्र में संचालित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच के तीसरे दिन जिला सांख्यिकी अधिकारी सेवाराम रैकवार ने निरीक्षण किया. उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, कर्मचारियों की सहभागिता और विषयवस्तु की समीक्षा की.उन्होंने गणनाकर्मियों से संवाद कर जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए सटीकता और पारदर्शिता पर जोर दिया. प्रशिक्षण सामग्री, डेटा संकलन प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं का भी अवलोकन किया गया. अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी को व्यवहार में लागू करें और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें.



## मप्र लेखक संघ विदिशा इकाई की बैठक नई कार्यकारिणी गठन की तैयारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा. मध्यप्रदेश लेखक संघ, भोपाल की विदिशा इकाई की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष विजय चतुर्वेदी के डंडापुरा स्थित निवास पर आयोजित हुई. बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक में सर्वसम्मति से 7 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जो शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन करेगी. साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि नियमित साहित्यिक गोष्ठियों एवं साहित्य प्रोत्साहन गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा.बैठक में गोविंद देवलिया, मनोज पांडे, पं. सुशील शर्मा 'सरल', शिवकुमार तिवारी, संतोष नामदेव, मुकेश शर्मा, सुरेश बाबू पाठक एवं दीपक तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.